# पंचकुला जिला

## 1. पंचकुला जिला एक नज़र में

| | |
|---|---|
| **जिले की स्थापना** | 15 अगस्त 1995 |
| **नामकरण** | पाँच कुओं/झरनों (कुला) के कारण पंचकुला नाम पड़ा |
| **प्राचीन नाम** | कोई नहीं (पिंजौर का प्राचीन नाम पंचमपुर था) |
| **क्षेत्रफल** | 898 वर्ग किमी |
| **उपनाम** | नैनो सिटी, हरियाणा की ट्राई सिटी, विराट नगरी |
| **विधानसभा सीटें** | पंचकूला, कालका |
| **तहसील** | पंचकूला, कालका, रायपुर रानी |
| **उपतहसील** | बरवाला, मोरनी |

hrgk.in

**ध्यान दें:** मोरनी हिल्स हरियाणा का एकमात्र हिल स्टेशन है, जिसे 'हरियाणा का छोटा नैनीताल' भी कहा जाता है — यह तथ्य परीक्षा में अक्सर पूछा जाता है।

## 2. ऐतिहासिक एवं धार्मिक स्थल

### इतिहास

'पंचकुला' शब्द संस्कृत के 'पंच' व 'कुला' से मिलकर बना है, जिसका अर्थ है 'पाँच नहरों/झरनों का शहर'। इस शहर की स्थापना **15 अगस्त 1995** को हुई थी। यहाँ मोरनी की पहाड़ियाँ स्थित हैं, जिनकी सबसे ऊँची चोटी 'करोह' (1514 मीटर) है; इस क्षेत्र का कुछ भाग वनों से ढका है, जिसके निकट खोल-ही-रैतान तथा बीड़ शिकारगढ़ वन्यजीव अभयारण्य स्थित हैं। पंचकुला में तीतर प्रजनन केंद्र (1992-93) व गिद्ध प्रजनन केंद्र (2001) भी स्थित हैं।

### नाडा साहिब गुरुद्वारा

शिवालिक की तलहटी में घग्गर नदी के तट पर स्थित यह गुरुद्वारा तब प्रसिद्ध हुआ जब सन **1688** में भांगाणी के युद्ध के दौरान पोटा साहिब से आनंदपुर साहिब की यात्रा करते हुए गुरु **गोबिंद सिंह जी** यहाँ रुके थे।

### मोरनी हिल्स

मोरनी (पंचकुला) में स्थित यह **हरियाणा का एकमात्र हिल स्टेशन** है; इसे 'हरियाणा की पहाड़ों की रानी' अथवा 'हरियाणा का छोटा नैनीताल' भी कहा जाता है। यहाँ की सबसे ऊँची चोटी करोह (1514 मीटर) है।

### पिंजौर गार्डन (मुगल गार्डन / यादवेंद्र गार्डन)

इस बगीचे का निर्माण 17वीं शताब्दी में औरंगजेब के शासनकाल में **फिदाई खान** ने करवाया था। इसे 'उत्तर भारत का नंदनवन' भी कहा जाता है; यह बगीचा मुगल शैली में बना है, जिसका पुनर्निर्माण पटियाला राजवंश के यादविंदर सिंह ने करवाया।

### कैक्टस गार्डन

यह **एशिया का सबसे बड़ा गार्डन** है, जहाँ लगभग 2500 रसीले पौधों की प्रजातियाँ हैं। इसकी स्थापना सन 1987 में डॉ. जे.एस. सरकारिया ने की थी; इसे 'नागफनी बगीचा' भी कहा जाता है। इसका नाम बदलकर अब 'राष्ट्रीय कैक्टस सक्युलेंट बॉटानिकल गार्डन एंड रिसर्च सेंटर' रखा गया है।

## 3. जिले की अन्य महत्वपूर्ण बातें

hrgk.in

### ऐतिहासिक समयरेखा

- **17वीं सदी** पिंजौर गार्डन का निर्माण हुआ (औरंगजेब काल, फिदाई खान द्वारा)।
- **1688** गुरु गोबिंद सिंह जी भांगाणी युद्ध के दौरान नाडा साहिब में ठहरे।
- **1987** डॉ. जे.एस. सरकारिया ने कैक्टस गार्डन की स्थापना की।
- **1991** मनसा देवी माता बोर्ड का गठन हुआ।
- **1992** पिंजौर गार्डन में आम मेले की शुरुआत हुई।
- **1992–93** तीतर प्रजनन केंद्र की स्थापना हुई।
- **15 अग 1995** पंचकुला जिले की स्थापना हुई।
- **2001** गिद्ध प्रजनन केंद्र की स्थापना हुई।

### धार्मिक स्थल

- **कालका देवी मंदिर** – पंचकूला में स्थित (नोट: काली माई का मेला फरीदाबाद जिले में लगता है)।
- **मनसा देवी मंदिर** – पंचकूला; इसकी देखरेख हेतु माता बोर्ड का गठन 1991 में हुआ था, जिसके अध्यक्ष मुख्यमंत्री होते हैं।
- **भीमा देवी मंदिर (कॉम्प्लेक्स)** – पिंजौर; इसे 'उत्तर भारत का खजुराहो' भी कहा जाता है।

- **गुरु मांजी साहिब गुरुद्वारा** – पिंजौर में स्थित।
- **तकिया बनवा फकीर की दरगाह** – पंचकुला में स्थित।

### मेले

- **काली माई का मेला** – कालका में नवरात्रों के अवसर पर लगता है।
- **आम मेला** – पिंजौर गार्डन में हर वर्ष जुलाई माह में लगता है (शुरुआत 1992 में हुई)।

### ऐतिहासिक स्थल

- **रायपुर रानी का किला** – पिंजौर में स्थित।
- **पिंजौर का किला** – पंचकुला में स्थित।
- **रामगढ़ का किला** – पंचकुला; निर्माण चंदेल राजपूत शासकों द्वारा।
- **नाहन कोठी** – पंचकुला में स्थित।

### झील एवं प्राकृतिक स्थल

- **टिक्करताल झील** – टिक्कर गांव में कौशल्या बांध के समीप स्थित।
- **बसोलन झील** – पंचकुला में स्थित।
- **जटायु यात्रिका** – पंचकुला में स्थित।
- **रेड बिशप** – पंचकुला में स्थित।
- **माउंटेन बटेर** – पंचकुला में स्थित।

### शिक्षण एवं अन्य संस्थान

- **अंतरराष्ट्रीय योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा केंद्र** – पंचकुला में स्थित।
- **जवाहर नवोदय विद्यालय** – मोली (पंचकुला) में स्थित।

## 4. महान व्यक्तित्व

| नाम | परिचय / योगदान |
|---|---|
| डॉ. सरदार अंजुम | उर्दू कवि। |

hrgk.in

| | |
|---|---|
| **अरुणा आसफ अली (गांगुली)** | कालका, पंचकुला; प्रसिद्ध लेखिका, पत्रकार व स्वतंत्रता सेनानी; भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान मुंबई के गोवालिया टैंक मैदान में झंडा फहराने वाली पहली भारतीय महिला। |
| **श्याम सुंदर** | रामायण में सुग्रीव की भूमिका निभाने वाले कलाकार। |
| **अभिलाषा बराक** | पंचकुला; जेट फाइटर प्लेन उड़ाने वाली दूसरी भारतीय महिला। |
| **रेखा शर्मा** | पंचकुला; भारतीय महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष; हरियाणा की राज्यसभा सदस्य। |
| **ऊषा शर्मा** | पंचकुला (जन्म हिसार); 'चंद्रावल' फिल्म में चंद्रावल की भूमिका निभाई। |

hrgk.in